राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राजस्थान यात्रा पर उनका राज्य की ओर से किया अभिनंदन

राज्यपाल से राजभवन में भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत श्री एरिक गार्सेटी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

जयपुर, 21 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से राजभवन में सोमवार को भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत श्री एरिक गार्सेटी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी दूतावास के उप निदेशक श्री एरोन, वरिष्ठ राजनीतिक सलाहकार श्री ए. सुकेश, एलेक्जेंडर वाईट और यूएस दूतावास में राजनीतिक अधिकारी हिना राव सम्मिलित थी। राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

इस दौरान एरिक गार्सेटी ने राज्यपाल के साथ भारत में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने भारत की विविधता में एकता की संस्कृति और आत्मीयता से भरे लोगों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान अपनत्व से भरा प्रदेश है। श्री गार्सेटी ने बताया कि वर्ष 2013 में लॉस एंजिल्स शहर के 42 वें मेयर के रूप में भी उन्होंने कार्य किया। उन्होंने विशेष रूप से मेयर रहते हुए लॉस एंजिल्स को ग्रीन सिटी बनाने, वहां निवेश के लिए किए विशेष कार्य और भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में रहे अपने अनुभवों को साझा किया। इस दौरान सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री जोगाराम, राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी, राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

राज्यपाल श्री बागडे ने आरंभ में राजभवन में उनका अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने राजस्थान की यात्रा की स्मृति–स्वरूप उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।